
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

08 जनवरी 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन मूर्खता नहीं, बल्कि ज्ञानी होने का भ्रम है।

**स्टीफन हॉकिंग**

**( वैज्ञानिक )**

जन्म: 08 जनवरी 1942 मृत्यु: 14 मार्च 2018



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

8 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हम अपनी मूर्खता और लालच से खुद का ही विनाश करने में लगे हुए है।



\- स्टीफन हॉकिंग

(महान वैज्ञानिक)

(8 जनवरी 1942 - 14 मार्च 2018)

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**08 जनवरी**

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार 08 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"जिन्दगी साइकिल चलाने जैसी है। बैलेंस बनाए रखने के लिए, आपको चलते रहना होता है।"
—अल्बर्ट आइंस्टीन

"Life is like riding a bicycle, to keep your balance you must keep moving."
-Albert Einstein

## आज के दिन

1642– इटली के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री और विद्वान गैलीलियो गैलीले के निधन।

1790– अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया।

1884– केशवचन्द्र सेन का निधन। वे एक प्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक सुधारक, जो ब्रह्म समाज के संस्थापकों में से एक थे।

1890– हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म।

1912– अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस का गठन।

1935– ए.ए.सी. हार्डी ने स्पेक्ट्रोमीटर का पेटेंट कराया।

1952– जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया।

1984– पहली भारतीय महिला पायलट सुषमा मुखोपाध्याय का निधन

1. **सोमनाथ मंदिर पर मुहम्मद गजनवी का हमला**– सोमनाथ मंदिर पर 8 जनवरी, 1026 ई. को मुहम्मद ग़ज़नवी ने करीब 5000 साथियों के साथ हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया था। इस हमले में गजनवी ने मंदिर की संपत्ति लूटी और हजारों लोग मारे गये थे। माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 7वीं शताब्दी में चंद्रदेव ने भगवान शिव की पूजा के लिए करवाया था। तभी से यह सोमनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर गुजरात में समुद्र तट पर स्थित है।
   - **संदर्भ**: बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 2, पृष्ठ 28** के संदर्भ में विशेष रूप से सोमनाथ मंदिर के इतिहास के बारे में बतायें।

2. **बोरेक्स की खोज**– 'सोने पर सुहागा' कहावत तो आपने सुना होगा। डॉ. जॉन वीच ने 8 जनवरी, 1856 ई. को 'बोरेक्स' की खोज की थी। बोरेक्स को आयुर्वेद में टंकण भस्म, रासायनिक भाषा में हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट तथा व्यापारिक भाषा में सुहागा के नाम से जाना जाता है। इसका रासायनिक सूत्र $Na_2B_4O_7 \cdot 10H_2O$ है। यह एक क्रिस्टलीय ठोस पदार्थ है। यह बाजार में प्रायः मुलायम सफेद पाउडर के रूप में मिलता है जो पानी में आसानी से घुल जाता है। बोरेक्स कठोर जल को मृदु कर सकता है।यह सोना गलाने तथा औषधि के काम में आता है। इसका उपयोग रूसी, मुँहासे और फुंसियों के इलाज के लिए भी किया जाता है। बोरेक्स दाग, फफूंद और फफूंदी को हटाने में मदद कर सकता है। यह चींटियों जैसे कीटों को मार भी सकता है। इसका उपयोग कपड़े धोने के डिटर्जेंट और घरेलू क्लीनर में गंदगी को हटाने और चमकाने के लिए भी किया जाता है। सुहागा तिब्बत, पेरू, कनाडा, अर्जेंटिना, चिली, इटली, रूस, लद्दाख और क'मीर में बहुत मिलता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को बोरेक्स के भौतिक तथा रासायनिक गुण और उपयोग बतायें।

3. **स्टीफन हाकिंग का जन्म**– विश्व प्रसिद्ध भौतिकविद् और ब्रह्मांड विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी, 1942 ई. को ऑक्सफोर्ड, इंग्लैंड में हुआ था। वे युवावस्था में ही चलने फिरने से लाचार हो गये। उन्होंने **ब्लैक होल और बिग–बैंग सिद्धान्त** को समझने में अहम योगदान दिया। स्टीफन को दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में से एक माना जाता है। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' सर्वाधिक चर्चित रही। इन्हें वर्ष 1978 में अल्बर्ट आइंस्टीन पुरस्कार, वर्ष 2009 में प्रसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम पुरस्कार तथा वर्ष 2012 में विशिष्ट मूलभूत भौतिकी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को स्टीफन हॉकिंग के जीवनी पर बनी **फिल्म 'द थ्योरी ऑफ एवरीथींग'** दिखायें। उच्च कक्षा के बच्चों को बिग–बैंग थ्योरी के बारे में बतायें।

4. **आशापूर्णा देवी का जन्म**– प्रसिद्ध बांग्लाभाषी कवियित्री और उपन्यासकार आशापूर्णा देवी का जन्म 8 जनवरी, 1909 ई. को कोलकाता में हुआ था। वे ज्ञानपीठ पुरस्कार (1976ई. में) प्राप्त करने वाली प्रथम महिला थी। उनकी कृतियों में पारिवारिक जीवन की समस्याएं, नारी स्वतंत्रता, सामाजिक कुंठा आदि उजागर होती है। उन्हें पद्म श्री (1976), टैगोर पुरस्कार (1964), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1994) आदि सम्मान से भी नवाजा गया।

5. **पृथ्वी घुर्णन दिवस**– 1851 ई. में फ्रांसीसी भौतिकी विज्ञानी लियोन फौकॉल्ट ने यह साबित कर दिखाया कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घुमती है। अपने सिद्धांत को प्रदर्शित करने के लिए, फौकॉल्ट ने सीसे से भरे पीतल के गोले को, जिसे फौकॉल्ट पेंडुलम के नाम से जाना जाता है, पेरिस के पैंथियन के ऊपर लटका दिया। पेंडुलम के घूमने का तल पृथ्वी के घूर्णन के सापेक्ष घूमता है।

आज के दिवस ज्ञान की विस्तारपूर्वक जानकारी के लिए पढ़ें 'दिवस ज्ञान विशेषांक 08 जनवरी 2025'

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

8 जनवरी

मधु प्रिया

## स्टीफन हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी



स्टीफन हॉकिंग का जन्म 8 जनवरी 1942 ईस्वी में इंग्लैंड में हुआ था।वह एक वैज्ञानिक और प्रसिद्ध खगोल भौतिकविद थे। उन्होंने अपने रिसर्च का ज्यादातर समय ब्लैक होल और स्पेस-टाइम के सिद्धान्तों पर शोध में बिताया।इस संबंध में उन्होंने कई पत्र भी प्रकाशित किए जिससे वैज्ञानिक दुनिया में उनका एक बड़ा नाम हुआ। उनकी सबसे प्रसिद्ध खोज थी जब उन्होंने साबित किया था कि ब्लैक होल से भी कुछ मात्रा में रेडिएशन निकलती है जिसे उन्होंने हॉकिंग रेडिएशन कहा। साल 1998 में उनकी किताब A brief History of Time प्रकाशित हुई। इस किताब में उन्होंने महाविस्फोट का सिद्धांत (Big Bang Theory) और ब्लैक होल के बारे में लिखा है। हॉकिंग भौतिक विज्ञान के कई अलग-अलग लेकिन समान रूप से मूलभूत क्षेत्र जैसे गुरुत्वाकर्षण, ब्रह्मांड विज्ञान, क्वांटम थ्योरी, सूचना सिद्धांत और थर्मोडायनमिक्स को एक साथ ले आए थे। जिनमे 1 ब्लैक होल का सिद्धांत,कॉस्मिक इन्फ्लेशन थ्योरी , यूनिवर्स का वेव फ़ंक्शन पर मॉडल,सिंगुलैरिटी का सिद्धांत मुख्य है।

# जयंती विशेष 08 जनवरी

राकेश कुमार



**स्टीफन विलियम हॉकिंग** *Stephen William Hawking*, जन्म: 8 जनवरी, 1942, ऑक्सफोर्ड, इंग्लैण्ड; मृत्यु- 14 मार्च, 2018, यूनाइटेड किंगडम) एक विश्व प्रसिद्ध ब्रितानी भौतिक विज्ञानी, ब्रह्माण्ड विज्ञानी, लेखक और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में सैद्धांतिक ब्रह्मांड विज्ञान केन्द्र के शोध निर्देशक थे। उन्हें 'लुकासियन प्रोफेसर ऑफ मैथेमेटिक्स' भी कहा जाता है। नब्बे फीसदी विकलांग होने के बावजूद उनकी क्षमता का लोहा पूरी दुनिया मानती है।

# दिवस प्रेरणा 8



## स्टीफन हॉकिंग

( प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी )

### युवावस्था में असाध्य बीमारी से ग्रसित हो गये ...

### संघर्ष

स्टीफन हॉकिंग जब 21 साल के थे तब उन्हें Amyotrophic Lateral Sclerosis (ALS) नामक बीमारी हो गयी। इसके चलते उनका दिमाग छोड़कर शरीर के अधिकतर अंगों ने धीरे–धीरे काम करना बंद कर दिया था। इस बीमारी से पीड़ित लोग आमतौर पर 2–5 साल तक ही जिंदा रह पाते हैं। स्टीफन हॉकिंग एक व्हीलचेयर के सहारे चल पाते थे और एक कम्प्यूटर सिस्टम के जरिए पूरी दुनिया से जुड़ते थे।

### सफलता

इस बीमारी से जुझने के बावजूद उन्होंने हार नहीं माना और पढ़ाई जारी रखा। उन्होंने कई चौकाने वाले शोध किये। उन्होंने 1965 में पी.एचडी. की डिग्री भी हासिल की। आज दुनिया भर में मशहूर भौतिक विज्ञानी और कॉस्मोलॉजिस्ट स्टीफन हॉकिंग को ब्लैक होल पर उनके काम के लिए जाना जाता है। उनकी पहली पुस्तक 'ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइमः फ्रॉम द बिग बैंग टु ब्लैक होल्स' थी जो सबसे ज्यादा चर्चित हुई थी। इसके बाद कॉस्मोलॉजी पर आई उनकी पुस्तक की दो करोड़ से ज्यादा प्रतियां बिकी थी और यह सबसे ज्यादा बिकने वाली वैज्ञानिक शोधपत्र माना जाता है। मौत से दो हफ्ते पहले वे दुनिया के खत्म होने की थ्योरी दे गये। उन्होंने बताया की सितारों की ऊर्जा समाप्त होने के साथ ब्रह्मांड अंधेरे की ओर बढ़ती चली जाएगी।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल– ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 08.01.2025

## अन्वेषण पद्धति

अन्वेषण पद्धति एक शिक्षण विधि है जो छात्रों को अधिगम में मदद करने पर केंद्रित है। यह विधि छात्रों को आलोचनात्मक रूप से चिंतन करने और अच्छे प्रश्न पूछना सिखाती है। यह छात्रों को यह भी सिखाती है कि जानकारी कैसे प्राप्त करें और उसका मूल्यांकन कैसे करें, और समस्याओं का समाधान कैसे करें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



सबसे अधिक बालों वाला जानवर समुद्री ऊदबिलाव (Sea Otter) है। इनके शरीर पर प्रति वर्ग इंच 6,00,000 से 10,00,000 बालों के रोम होते हैं, जो किसी भी अन्य जानवर से अधिक घने होते हैं। यह घना फर ठंडे पानी में इन्हें गर्म बनाए रखने में मदद करता है।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ICC टेस्ट क्रिकेट

### आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25

# पॉइंट्स टेबल

| | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | पेनल्टी | पॉइंट्स | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साउथ अफ्रीका | 11 | 7 | 3 | 1 | 0 | 88 | 66.67 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 15 | 9 | 4 | 2 | -10 | 106 | 58.89 |
| 3 | भारत | 17 | 9 | 6 | 2 | -2 | 114 | 55.89 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 14 | 7 | 0 | 7 | -3 | 81 | 48.21 |
| 5 | श्रीलंका | 11 | 6 | 4 | 1 | 0 | 66 | 45.45 |
| 6 | इंग्लैंड | 22 | 11 | 10 | 1 | -22 | 114 | 43.18 |
| 7 | पाकिस्तान | 4 | 1 | 0 | 3 | 0 | 30 | 30.30 |
| 8 | बांग्लादेश | 7 | 1 | 5 | 1 | 0 | 45 | 31.25 |
| 9 | वेस्टइंडीज | 11 | 2 | 7 | 2 | 0 | 32 | 24.24 |

Cricket

Teachers of Bihar

बालमन

# विश्व के धरोहर

# पीसा की झुकी मीनार



इटली में 'लीनिंग टावर ऑफ़ पीसा' को वास्तुशिल्प का अदभुत नमूना माना जाता है| अपने निर्माण के बाद से ही मीनार लगातार नीचे की ओर झुकती रही है और इसी झुकने की वजह से वह दुनिया भर में भी मशहूर रही है| इस वजह से ख़तरा बना हुआ था कि ये एक दिन गिर जाएगी|पीसा की मीनार 3.99 डिग्री के कोण पर झुका हुआ था लेकिन 1990 तक यह 5.5 डिग्री तक झुक गया था | तब इस मीनार को बंद कर दिया गया था की लगातर झुकाव की वजह से यह गिर न जाये लेकिन अब यह माना जा रहा है की इसका झुकाव अब बंद हो गया है |पीसा के इस मीनार का वजन 14,500 टन लगभग है पीसा की मीनार में में 294 या 296 सीढ़िया है | पीसा का यह विश्व प्रसिद्ध मीनार पश्चिम मध्य इटली के एक क्षेत्र टस्कनी के पीसा शहर में स्थित है | मीनार को पूरा करने में 200 साल लगे|पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण 1173 में शुरू हुआ था, जो पीसा के गिरजाघर परिसर की तीसरी और अंतिम संरचना थी। विशेष रूप से, इसे परिसर के घंटाघर के रूप में इस्तेमाल करने के लिए बनाया गया था।वास्तुकार बोनानो पिसानो ने इसका निर्माण कार्य शुरू किया था।कुछ लोगों का कहना है कि यह टावर दिखावे के लिए चोरी के पैसे से बनाया जा रहा था लेकिन गुरुत्वाकर्षण का केंद्र बिगड़ गया और टावर एक अलग दिशा में झुकने लगा।


धीरज कुमार(शिक्षक)
UMS सिलौटा, भभुआ(कैमूर) बिहार

Health is wealth





# ToB बालमन स्वास्थ्य सुझाव

स्वस्थ जीवनशैली से पाए स्वस्थ जीवन

**धूप से विटामिन डी मिलता है,जो शरीर के लिए बहुत ज़रूरी होता हैं। धूप में मौजूद विटामिन डी से हड्डियां मज़बूत होती हैं और इम्यून सिस्टम भी मज़बूत होता है।सुबह की धूप शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है।**

धीरज कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 492

**पीसा की झुकी मीनार का निर्माण किस वर्ष शुरू हुआ था?**

A. वर्ष 1173

B. वर्ष 1235

C. वर्ष 1375

D. वर्ष 1396



सही उत्तर: A

www.teachersofbihar.org

**TOB बूझो तो जानें..**




474

जो तुझमे है वह उसमे नहीं, जो झंडे में है वह डंडे में नहीं.. बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार





# स्टीफन विलियम हॉकिंग

जन्म- 8 जनवरी 1942-मृत्यु–14 मार्च 2018

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन
आशापूर्णा देवी
8 जनवरी 1909 -13 जुलाई 1995
Madhu priya
/teachersofbihar


8 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महान साहित्यकार
आशापूर्णा देवी
की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन
8 जनवरी 1909 - 13 जुलाई 1995
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari